# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (30.09.2024)**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR,
DATE : 30.09.2024, PAGE-05

## एनएसएस की 'सेवा' नामक पत्रिका का फिर होगा प्रकाशन



मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के एनएसएस की पत्रिका 'सेवा' का फिर से प्रकाशन शुरू होगा। इसके साथ ही सभी कॉलेजों में एनएसएस इकाइयों को सक्रिय बनाकर हर तरह की गतिविधि का संचालन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के नवनियुक्त समन्वयक डॉ. विकास कुमार ने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि जिन कॉलेजों में एनएसएस की गतिविधियां ठप पड़ी हैं, वहां नए कार्यक्रम पदाधिकारी की नियुक्ति कर कार्यों का संचालन सुचारु कराया जाएगा। कुलसचिव प्रो. अपराजिता कृष्णा ने विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक का पदभार विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग में पदस्थापित डॉ. विकास कुमार को सौंपा है। वे आरसी कॉलेज सकरा के प्राचार्य भी रह चुके हैं। वहां एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी के तौर पर लगभग 5 वर्ष कार्य किए। वे मनोविज्ञान विषय के प्राध्यापक होने के साथ अच्छे कहानीकार भी हैं। उनके 3 कहानी संग्रह व मनोविज्ञान की 4 पुस्तकों समेत एक संपादित पुस्तक प्रकाशित हैं। इनके समन्वयक बनने पर मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. रजनीश गुप्ता, प्रो. आभा रानी, डॉ. तूलिका, डॉ. सुनीता, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. सुब्बा लाल पासवान, प्रो. व्यास नंदन शास्त्री, प्रो. रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ. सुशांत कुमार, प्रो. संजय कुमार सुमन, डॉ. विजेंद्र झा, डॉ. रेनू बाला, प्रो. वीरेंद्र चौधरी, डॉ. ललित किशोर आदि ने बधाई दी है।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 30.09.2024, PAGE-05

## इंटीग्रेटेड बीएड की प्रवेश परीक्षा में आए आसान सवाल, मेरिट के लिए टफ होगा कंपीटीशन

**बीआरएबीयू :** पूछे गए थे ऑब्जेक्टिव टाइप के सवाल, 13 केंद्रों पर 6642 छात्रों ने दी परीक्षा, 4 कॉलेजों में हैं 400 सीटें, परीक्षा भवन सहित अन्य केंद्रों पर 100 से अधिक छात्र लेट पहुंचे

**विवि ने वेबसाइट पर अपलोड की आंसर-की**

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

इंटीग्रेटेड बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में आसान सवालों ने अभ्यर्थियों को राहत दी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों का कहना था कि अब मेरिट के लिए टफ कंपीटीशन होगा। 400 सीटों के लिए 6642 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। बताया कि 2 घंटे की परीक्षा में ऑब्जेक्टिव टाइप के सवाल पूछे थे। सवालों का स्तर सामान्य था। उन्हें हल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। बीआरए बिहार विवि के 4 कॉलेजों में संचालित 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में नामांकन के लिए रविवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। राजभवन ने इस बार प्रवेश परीक्षा के लिए बीआरएबीयू को ही नोडल केंद्र बनाया है। विवि मुख्यालय पर परीक्षा भवन समेत 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 6642 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं, 1521 अनुपस्थित रहे। अलग-अलग केंद्रों पर देर से पहुंचने के कारण सौ से अधिक अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं मिला। सुबह 11 बजे से परीक्षा शुरू हुई, जिसके लिए 10.30 बजे गेट बंद कर दिया गया। इंटीग्रेटेड बीएड के लिए 8163 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। विवि मुख्यालय पर ही इसके लिए सभी केंद्र बनाए गए थे। साथ ही कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रही। जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी नियुक्त थे, जबकि विवि ने ऑब्जर्वर के साथ उड़न दस्ता बनाए गए थे। साथ ही कुलपति प्रो. डीसी राय और नोडल प्रो. बीएस राय सहित अन्य अधिकारियों ने भी केंद्रों का निरीक्षण किया। कुलपति ने एसबीएस साइंस कॉलेज, एलएन मिश्र कॉलेज, रामेश्वर कॉलेज, डॉ जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज समेत 8 केंद्रों का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण रही। परीक्षा में 81.36 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित हुए। 1521 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। अभ्यर्थियों ने बताया कि जीएस और करंट अफेयर्स के कुछ सवाल कठिन थे।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने इंटीग्रेटेड बीएड प्रवेश परीक्षा का आंसर-की वेबसाइट पर जारी कर दिया। रविवार रात 8 बजे विश्वविद्यालय के स्तर से सभी प्रश्नों का उत्तर अपलोड किया गया है। इस आधार पर छात्र-छात्राएं अपने उत्तर का मिलान कर सकेंगे। साथ ही अगर कोई सवाल के उत्तर में दुविधा होगी तो इसके लिए वे लिखित आवेदन विश्वविद्यालय कार्यालय को उपलब्ध करा सकेंगे। कुल चार सेट में ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे गए हैं।

### 4 अक्टूबर को आएगा रिजल्ट, विवि करेगा कॉलेज आवंटन

प्रवेश परीक्षा का परिणाम 4 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। इसके बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। बता दें कि बीआरए बिहार विवि के ही 4 कॉलेजों में 4 सौ सीटों पर इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स का संचालन होता है। रिजल्ट के बाद विवि के स्तर से ही सफल अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार कॉलेज आवंटित किया जाएगा। उसके आधार पर कॉलेज में एडमिशन लेना होगा।



4 वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 29.09.2024, PAGE-04

# बीआरएबीयू: योग में छात्रों से आगे निकलीं छात्राएं

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में योग पढ़ने और सीखने में छात्राओं ने छात्रों को पीछे छोड़ दिया है। बीआरएबीयू की पांच वर्ष की रिपोर्ट यही बताती है। बिहार विवि ने पीजी स्तर पर चलने वाले वोकेशनल कोर्स में दाखिले की रिपोर्ट तैयार की है। नैक मूल्यांकन को लेकर यह रिपोर्ट तैयार की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार योग में वर्ष 2019 से 2024 तक 224 छात्राओं ने और 219 छात्रों ने दाखिला लिया है। बीआरएबीयू के फिलॉस्फी विभाग में योग की पढ़ाई कराई जाती है। योग में हर साल दाखिले के लिए 100 सीटें तय की गई हैं।

डीएसडब्ल्यू प्रो.आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि योग में भी कॅरियर की बहुत संभावनाएं हैं, इसलिए छात्राएं इसमें ज्यादा रुचि ले रही हैं। इस वर्ष पीजी डिप्लोमा इन योगा स्टडीज कोर्स में 63 दाखिले हुए हैं। इसमें 35 छात्राएं और 28 छात्रों ने दाखिला लिया है। स्नातक स्तर पर भी योग के कोर्स में छात्राओं का रुझान अधिक है। छात्राओं के अधिक रुझान होने के बाद भी योगा स्टडीज में पांच साल से सीटें नहीं भर रही हैं। योगा स्टडीज में सत्र 2019-20 में 97, सत्र 2020-21 में 98, 2021-22 में 78, 22-23 में 49, 23-24 में 58 और 2024-25 में 63 दाखिले हुए हैं।



- पांच वर्ष की दाखिले की रिपोर्ट से सामने आई बात
- योग कोर्स में पांच वर्ष में छात्राओं का अधिक दाखिला

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**



**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 30.09.2024, PAGE-04**


## विवि में कुलगीत की धुन हो रही तैयार

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में बन रहे कुलगीत की धुन तैयार हो रही है। धुन मुजफ्फरपुर के स्थानीय कलाकारों की ओर से तैयार की जा रही है। कुलगीत के लिए दो प्रवृष्टियों पर विचार चल रहा है। धुन तैयार होने के बाद कौन सी रचना कुलगीत बनेगी इस पर फैसला लिया जाएगा। विवि सूत्रों ने बताया कि दो हफ्ते में कुलगीत के तैयार हो जाने की उम्मीद है। कुलगीत के लिए कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने एक कमेटी का गठन किया है।

## कॉलेज के शिक्षकों का पीजी में होगा तबादला

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में कॉलेजों से शिक्षकों का तबादला पीजी विभागों में किया जाएगा। इसके लिए राजभवन ने अपना प्रतिनिधि मनोनीत कर दिया है। नैक मूल्यंकन के लिए पीज विभागों में शिक्षकों का तबादला किया जाएगा। इससे पहले कई शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कॉलेज से पीजी विभागों में कुलपति ने की थी। नैक मूल्यांकन के लिए विभागों में शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होनी जरूरी है।


**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 30.09.2024, PAGE-04**


## बिहार और कोयलांचल विवि के बीच हुआ करार

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय ने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के साथ एमओयू किया है। एमओयू पर कोयलांचल विवि के कुलपति प्रो. राम कुमार सिंह एवं बीआरएबीयू की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया है। इसकी जानकारी कुलपति ने रविवार को दी।

उन्होंने बताया कि इस एमयओयू से दोनों विवि के बीच शोध व अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में मदद मिलेगी। वहीं, बीआरएबीयू के आईक्यूएससी के निदेशक प्रो. कल्याण कुमार झा ने बताया कि नैक मूल्यांकन की दृष्टि से एमओयू का विशेष महत्व है। कुलपति अपने प्रयास से नैक के मानक के अनुसार एमओयू की दिशा मे सकारात्मक पहल कर रहे हैं। इसके तहत देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों से एमओयू करने का अभियान कुलपति के नेतृत्व में चलाया जाएगा। कई विदेशी विवि से भी एमओयू करने के लिए कुलपति ने प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही त्रिभुवन विवि काठमांडू, साउथ कोरिया, रसिया के विवि के साथ भी करार होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 30.09.2024, PAGE-04**

## देर से पहुंचे, नहीं मिला प्रवेश, छूटी परीक्षा

### चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में नामांकन के लिए परीक्षा में 1521 रहे अनुपस्थित





### आंसर-की जारी, मिलान कर सकेंगे विद्यार्थी

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE:30.09.2024 PAGE-04**

## विश्वविद्यालय ने किया एक और एमओयू

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने एक और संस्थान से एमओयू किया है। विश्वविद्यालय ने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के साथ करार किया है। एमओयू पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम कुमार सिंह ने हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत शोध और अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग किया जाएगा।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 30.09.2024, PAGE-04**

### बीआरएबीयू का बीबीएमकेयू के साथ करार



## परीक्षा देकर निकले तो खिले चेहरे, आसान प्रश्नों को समय से पहले किया हल

# जीके व टीचिंग एप्टीट्यूड के सवाल लगे कठिन

**इंटीग्रेटेड बीएड**

